झारखण्ड लोक सेवा आयोग,
सर्कुलर रोड, राँची
संक्षिप्त प्रेस विज्ञप्ति

झारखण्ड राज्य नगर विकास एवं आवास विभागान्तर्गत सहायक अभियंता (असैनिक / यांत्रिक) के पदों पर नियमित नियुक्ति परीक्षा (विज्ञापन संख्या–08 / 2018) के संबंध में आवश्यक सूचना।

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड के पत्रांक–810 दिनांक–29.01.2018 तथा नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड के पत्रांक–2327 दिनांक–02.05.2018 एवं पत्रांक–3177 दिनांक–19.06.2018 द्वारा झारखण्ड राज्य नगर विकास एवं आवास विभागान्तर्गत **सहायक अभियंता (असैनिक)** के कुल 48 पदों एवं **सहायक अभियंता (यांत्रिक)** के कुल 09 पदों पर नियमित नियुक्ति हेतु प्रेषित अधियाचना के अनुरूप संसूचित रिक्तियों के आधार पर इच्छुक एवं अर्हत्ताधारी भारतीय नागरिकों से विहित प्रपत्र में Online आवेदन **दिनांक–14.09.2018 से दिनांक–29.10.2018 अपराह्न 05:00 बजे** तक आमंत्रित किए जाते हैं। ऑनलाईन भरे गए आवेदन पत्र की मुद्रित प्रति के सभी पृष्ठों की स्वहस्ताक्षरित प्रति एवं विज्ञापन की कंडिका–14(थ).में दिए गए निदेशानुसार सभी वांछित प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति आयोग कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि **दिनांक–12.11.2018 अपराह्न 05:00 बजे** तक होगी।

उक्त परीक्षा से संबंधित विज्ञापन संख्या–08 / 2018, Online Application का विस्तृत विवरण आयोग के वेबसाईट **www.jpsc.gov.in** पर **दिनांक–14.09.2018** से उपलब्ध रहेगा।

2. यह संक्षिप्त प्रेस विज्ञप्ति आयोग के वेबसाइट **www.jpsc.gov.in** पर भी उपलब्ध है।

ह0 / –
सचिव,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची